# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 12.05.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में गरीबों को सशक्त बनाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया है।
- चार जून को होने वाले मतगणना के लिए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में मतगणना से जुड़े कर्मियों के लिए पहले चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम डीब्रेट में आयोजित किया गया।
- दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान में ज़िला प्रशासन की ओर से अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।
- मध्योत्तर अंडमान में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद के लिए चुनाव कल कराया जाएगा।

और

- अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से पहली डी जी पी कप राज्य ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में गरीबों को सशक्त बनाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में पच्चीस करोड लोग गरीबी से बाहर आये हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत की बेरोजगारी दर दुनिया में सबसे कम है। उन्होंने कहा कि करोडों लोगों ने पहली बार व्यवसाय शुरू करने के लिए मुद्रा ऋण का फायदा उठाया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने औसत मंहगाई दर को पिछले एक दशक में न्यूनतम स्तर

पर रखा है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने अगले पच्चीस वर्षो के लिए एक मजबूत अर्थव्यवस्था का निर्माण किया है। प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि उनकी सरकार ने गरीबों को उनकी मूलभूत जरूरतों को पूरा करके उनको सशक्त बनाने और व्यापक सुधारों के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का दोहरा मिशन शुरू किया। श्री मोदी ने कहा कि इस चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद उनकी सरकार विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अगले पांच वर्षों के लिए और नई सरकार के पहले सौ दिनों के कार्यों की योजना पहले से ही तैयार कर ली है।

<><><><><><><>

चार जून को होने वाले मतगणना के लिए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में कल डीब्रेट के सभागार में पहले चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतगणना निरीक्षकों, सूक्ष्म पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों ंको प्रशिक्षण दिया गया। मतगणना का कार्य जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मतगणना केन्द्र मे ंकिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान रिसोर्स पर्सन सोम नायडू ने प्रशिक्षणार्थियों को मतगणना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी और कहा कि मतगणना ड्यूटी में लगे सभी कर्मियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेना चाहिए ताकि चार जून को होने वाली मतगणना के दिन कोई परेशानी न हो। डॉ ए अब्राहम ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से मतगणना निरीक्षकों को जागरूक किया और मतगणना के दौरान अपनाई जाने वाली चरणबद्ध प्रक्रियाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गणना उसके बाद ई वी एम में डाले गए वोटों की गिनती की जाएगी। एम पापाराव के नेतृत्व में मास्टर प्रशिक्षकों की टीम ने विशेषकर कंन्ट्रोल यूनिट और वी वी पैट मशीनों को संभालने के बारे में मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षित किया। वोटो की मतगणना पर एक डेमो प्रस्तुतिकरण भी दी गई। दूसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन इक्कीस मई को किया जाएगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से पिछले पन्द्रह दिनों से लगातार अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान टेलराबाद गांव के मक्का पहाड़ क्षेत्र के तीन सौ वर्ग मीटर भूमि को अतिक्रमणकर्ताओं से मुक्त कराया गया। पिछले कुछ दिनों में राजस्व अधिकारियों के प्रयासों से कुल आठ हजार पांच सौ वर्ग मीटर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने आम जनता से कहा है कि सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण कर कानून का उल्लंघन न करें। लोगों से कहा गया है कि अतिक्रमण से जुड़ी सूचना एवं शिकयतों को जिला नियंत्रण कक्ष के फोन नम्बर दो चार शून्य एक दो सात पर दें। सूचना देने वालों के नाम गुप्त रखे जाएंगे।

उधर, मध्योत्तर अंडमान ज़िले में अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। लगातार चौंथे दिन राजस्व अधिकारियों की टीम अतिक्रमण किए गए स्थलों की पहचान कर उन्हें अतिक्रमणकारियों से मुक्त करा रही है। डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत डी बी ग्राम क्षेत्र में सात हजार वर्ग मीटर भूमि पर बने, सुपारी और केले की खेती सहित अस्थाई ढ़ांचे को हटाया गया। वी एस पल्ली ग्राम के एक सौ वर्ग मीटर में बने फुटपाथ और शांतनु ग्राम क्षेत्र में बारह हजार वर्ग मीटर में सुपारी और केले की खेती वाली भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। रंगत तहसील के अंतर्गत रंगत बाज़ार के सड़क किनारे फुटपाथ में बने अस्थाई ढ़ांचे और टेन्ट्स को हटाया गया। पिछले चार दिनों में राजस्व अधिकारियों की टीम ने ज़िला प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण किए गए जगहों की पहचान कर इन्हें सफलतापूर्वक इनके कब्ज़ों से छुडाया। जिला प्रशासन ने आम जनता से आग्रह किया है कि राजस्व विभाग द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों का सहयोग और समर्थन करें। अभियान के दौरान पूरी पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान में ग्यारह मई को ज़िला परिषद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद के लिए होने वाले चुनाव को प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया था। अब यह चुनाव कल कराया जाएगा। नव निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को कल ही पोकाडेरा ग्राम पंचायत के सामुदायिक सभागार में शाम तीन बजे शपथ दिलाई जाएगी।

<><><><><><><>

मायाबंदर तहसील के अंतर्गत आज सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में खंड विकास अधिकारी सहित, पंचायत प्रधान, पंचायती राज संस्थानों के सदस्य, कार्यालयों के अधिकारी और आम जनता ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। अभियान के दौरान समुद्र तट, बाजार का क्षेत्र, विद्यालय और सड़क किनारों की सफाई की गई। पांच किलोग्राम से अधिक कचरा एकत्र कर उन्हें अलग किया गया और ठोस कचरे में स्थानांतरित किया गया। सहायक आयुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष जून ने भी ग्राम पंचायत के अतंर्गत हो रही इस स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उन्होंने आम जनता से कहा कि शारीरिक कल्याण और स्वस्थ वातावरण के लिए स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण है। इस स्वच्छता अभियान में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का उन्होंने धन्यवाद किया। अभियान में लगभग दो सौ पचास प्रतिभागियों ने अपना योगदान दिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से पहली डी जी पी कप राज्य ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्घाटन कल पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने पुलिस लाईन के ड्रिल हॉल में किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य आपसी सौहार्द और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है। टूर्नामेंट में पांच वर्ष से लेकर छियासठ वर्ष आयुवर्ग तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पुलिस महानिदेशक की

उपस्थिति में टूर्नामेंट का आरंभ हुआ। इस चेस टूर्नामेंट में कुल दो सौ तिरासी खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

<><><><><><><>

कोलकाता से आ रहे जहाज नालंदा डिगलीपुर और मायाबंदर होते हुए चौदह मई को सुबह छह बजे पोर्ट ब्लेयर पुहंचेगी। इस जहाज़ में एक सौ उन्नीस यात्री सवार है। ये जहाज़ हैडो जेट्टी पर लगेगा।

इस बीच, एम वी स्वराजद्वीप चौदह मई को सुबह नौ बजे पोर्ट ब्लेयर से चेन्नई जाएगा। अतिरिक्त सामानों की जांच कल दिन में दो बजे से चार बजे तक की जाएगी। यात्रियों को जहाज़ में चढ़ाने का कार्य जहाज़ रवानगी के दिन शाम सात बजे से शुरू किया जाएगा।

उधर, चेन्नई से आ रहे जहाज़ एम वी कैम्पबेल–बे, कैम्पबेल–बे से ननकौड़ी होते हुए पन्द्रह मई को पोर्ट ब्लेयर पहुंचेगा। इसमें एक सौ चवालीस यात्री सवार हैं । ये जहाज़ हैडों जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में आज हल्की वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक हटबे में चार दशमलव छह मिलीमीटर, लौंग आईलैंड में तीन दशमलव चार मिलीमीटर, पोर्ट ब्लेयर में दो दशमलव आठ मिलीमीटर और मायाबंदर में दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि कल

द्वीपों के एकाध भागों में बादल गरजने या बिजली चमकने की संभावना है। कल का अधिकतम तापमान तैंतीस डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान छब्बीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

<><><><><><><>

।